**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन का दिया निर्देश, कल देश के सभी 244 जिलों में होगी नागरिक सुरक्षा की मॉक ड्रिल।**
2. **कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज रांची में, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई राष्ट्रीय नेता होंगे शामिल।**
3. **रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, गुमला में की आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा, विज्ञान केन्द्र, पुस्तकालय और रागी प्रोसेसिंग सेंटर का किया निरीक्षण।**
4. **रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत राज्य के 16 जिलों में आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी, कल से मौसम साफ होने की संभावना।**
5. **दिल्ली में आयोजित 68वीं स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में झारखंड की अनु ने जीता स्वर्ण पदक, बालक वर्ग में यीशु को मिला कांस्य।**

********************

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है। देश के 244 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला किया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे।

********************

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को झारखंड से वापस भेजने की मांग तेज हो गयी है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में कहा कि झारखंड कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी बांग्लादेशी या पाकिस्तानी इसे शरणस्थली बना ले। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जल्द से जल्द देश से बाहर भेजने की मांग की है।

********************

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज रांची के पुराना विधानसभा मैदान में होगी। पार्टी ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। कांग्रेस कार्य समिति सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि पार्टी इस रैली को विजय सभा के रुप में देख रही है। उन्होंने कहा कि देश में जातीय जनगणना का फैसला राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है।

********************

रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। उन्होंने दौरे के पहले दिन गुमला जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित विज्ञान केंद्र, सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय और रागी प्रोसेसिंग सेंटर का निरीक्षण किया। पुस्तकालय में उपस्थित छात्र–छात्राओं से उन्होंने संवाद भी किया। बाद में केन्द्रीय अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत गुमला में बेहतरीन काम हुए हैं।

********************

पाकुड़ जिले में महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अहम भूमिका निभा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं

********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया की जांच के लिए लगातार काम किया जा रहा है। अब तक इस अभियान के तहत सात लाख से ज्यादा लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें सिकल सेल रोग से 370 लोग पीड़ित पाए गए हैं।
- खूंटी जिले के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अड़की में सांसद कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास किया।
- हजारीबाग में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कैदी धनबाद का रहने वाला था और वह हत्या का आरोपी था।
- हजारीबाग के गोरहर थाना के समीप हुई सड़क दुर्घटना में मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई है। दोनों को एक भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। उधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई।

********************

मौसम विभाग ने आज दोपहर बाद रांची, खूंटी, रामगढ़ और सिमडेगा समेत राज्य के 16 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में कल से मौसम साफ हो सकता है। इसके साथ ही तापमान में वृद्धि होगी और गर्मी बढ़ेगी।

********************

दिल्ली में आयोजित 68वीं स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के झारखंड की अनु ने 45 से 48 किलोग्राण बालिका वर्ग में असम की प्रणिता गोगोई को 5–0 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में झारखंड के यीशु ने 56 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा को 3–2 से हराकर कांस्य पदक हासिल कियाा।

उधर, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड की बालिका टीम ने बेगुसराय में हुए पहले मैच में राजस्थान को 8–0 से हराकर जीत की शुरुआत की। भागलपुर में तीरंदाजी के कम्पाउंड इवेंट में झारखंड के दिव्यांशु सिंह फाइनल में पहुंच गये हैं। वहीं तमन्ना वर्मा रिकर्व में ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेलेगी।

इधर, रांची के बिशप स्कूल में सत्यानंद योगा एसोसिएशन और श्री अरबिंदो आश्रम द्वारा आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में रांची की संचिता राय और बालक वर्ग में जमशेदपुर के अभिषेक कुमार ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब हासिल किया।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सात मई को सभी राज्यों को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल करने के केन्द्रीय गृहमंत्रालय के निर्देश को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चाबंदी तेज की।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठकः राज्य सरकार ने डीजीपी अनुराग समेत 10 अफसरों के नाम भेजे।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सहित सभी हाईकोर्ट के फैसले के लिए लंबित मुकदमों की सूची मांगी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– झारखंड को स्पेन की कंपनियों से मिला 320 मिलियन यूरो के निवेश का प्रस्ताव।

*********समाप्त*********